# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन** : 23005700; **फैक्स** : 23005787

दिनांक : अप्रैल 30, 2013

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह का प्रेस वक्तव्य**

भाजपा अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से यह स्पष्ट है कि कोयला घोटाले की सीबीआई जांच पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी करके यूपीए सरकार ने देश की न्यायिक व्यवस्था के साथ मजाक किया है।

केन्द्र को बुरी तरह लताड़ते हुए श्री सिंह ने मांग की कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों के बाद कानून मंत्री श्री अश्विनी कुमार को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा ''सरकार ने सीबीआई द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट की विषय वस्तु में बड़े पैमाने पर बदलाव किये और अब वह अपनी इस हरकत की नैतिक जिम्मेदारी लेने से मुंह मोड़ रही है। सरकार जांच प्रक्रिया में बाधा डालकर और पूरे मुद्दे पर अदालत को अंधेरे में रखकर अपने अनैतिक कार्यों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है।

यूपीए को फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा, ''भाजपा संसद के दोनों सदनों में यह मुद्दा उठा चुकी है और कांग्रेस कार्यवाही में बाधा पहुंचाने का दोष हम पर मढ़ रही है। अब उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी ने हमारे रुख की पुष्टि कर दी है।''

''सीबीआई को जबरन अपनी स्थिति रिपोर्ट कानून मंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय को दिखानी पड़ी। सरकार ने ओछी हरकत की है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा को कम करने के लिए प्रधानमंत्री को भारत की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

**(ओम प्रकाश कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*